

# शिशुकुंज स्कूल में फूड पॉयजनिंग से 100 से अधिक बच्चे बीमार

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. शहर के झलारिया स्थित शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल में योग दिवस के कार्यक्रम के बाद कथित फूड पॉइजनिंग की घटना सामने आई है. स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भोजन करने के बाद 100 से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई. बच्चों को उल्टी, पेट दर्द और अन्य स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें होने लगीं, जिसके बाद अभिभावकों ने स्कूल परिसर में पहुंचकर जमकर हंगामा किया.**

- कैंटीन में मिली एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान परोसे गए भोजन या दूषित पानी के सेवन से बच्चों के बीमार होने की आशंका जताई जा रही है. प्रभावित बच्चों को स्कूल प्रबंधन द्वारा ओआरएस उपलब्ध कराया गया, जबकि कई बच्चों को उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया.

**प्रशासन ने शुरू की जांच**- मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने तत्काल खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को स्कूल भेजकर जांच के निर्देश दिए. जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और खाद्य विभाग की चार टीमें मामले की विस्तृत जांच में जुटी हैं.



### कैंटीन में मिली एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री

जांच के दौरान स्कूल की कैंटीन से एक्सपायर्ड मसाले, नमकीन और अन्य खराब खाद्य सामग्री मिलने की जानकारी सामने आई है. खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कैंटीन से चावल, आइसक्रीम, शरबत, राजमा, अचार और पनीर सहित कुल 12 संदिग्ध खाद्य नमूनों को जब्त कर परीक्षण के लिए राज्य प्रयोगशाला, भोपाल भेजा है.

**स्कूल ने शुरू की आंतरिक जांच**- स्कूल प्रशासन ने वेंडर और कैंटीन स्टाफ की भूमिका की जांच के लिए आंतरिक जांच भी शुरू कर दी है. हालांकि, प्रबंधन का कहना है कि बच्चों के बीमार होने के वास्तविक कारणों की पुष्टि लैब रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी.





**स्कूल प्रबंधन ने माना, 100 से अधिक बच्चे प्रभावित**

शुरुआत में स्कूल प्रबंधन ने केवल 35 बच्चों के प्रभावित होने की बात कही थी, लेकिन बाद में स्वीकार किया कि जूनियर विंग (केजी से कक्षा 4 तक) के 100 से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ी है.

**फिलहाल जांच रिपोर्ट का इंतजार**- फूड पॉइजनिंग की इस घटना ने स्कूलों में खाद्य सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. अब सभी की नजर खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच और लैब रिपोर्ट पर टिकी हुई है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी.

**स्कूल प्रशासन का पक्ष**- स्कूल की जूनियर विंग हेड ऋचा तिवारी ने बताया कि पहली शिकायत सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे मिली थी. शुरुआती स्तर पर 35 बच्चों में लक्षण पाए गए थे, जो बाद में बढ़कर 100 से अधिक हो गए. उन्होंने बताया कि बच्चे शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने रोटी, राजमा, चावल और आइसक्रीम का सेवन किया था. आइसक्रीम (अमूल ब्रांड) जून में निर्मित थी और उसकी वैधता एक वर्ष की है. प्रबंधन का कहना है कि भोजन ताजा बनाकर उसी दिन खत्म कर दिया जाता है और स्कूल में इंडस्ट्रियल आरओ सिस्टम के जरिए पानी की व्यवस्था है, जिसकी नियमित सर्विसिंग का रिकॉर्ड भी मौजूद है. प्रशासन और फूड सेफ्टी टीम जांच में जुटी है, और फिलहाल किसी भी बच्चे के अस्पताल में भर्ती होने की पुष्टि नहीं हुई है.

### रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर कैंटीन होगी सील

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा है कि यदि जांच रिपोर्ट में खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन या गंभीर लापरवाही की पुष्टि होती है, तो स्कूल की कैंटीन को तत्काल सील कर दिया जाएगा. प्रशासन अस्पतालों में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य पर भी लगातार नजर बनाए हुए है.

### किचन में मिली अनियमितताएं

एसडीएम दीपक चौहान ने बताया कि शिकायत मिलते ही कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य, स्वास्थ्य और एडमिस्ट्रेशन की संयुक्त टीम शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल पहुंची. जांच में किचन के 12 प्रकार के खाद्य पदार्थों की जांच की गई, जिनमें मसाले और नमकीन सहित कई आइटम एक्सपायरी डेट के पाए गए. खाद्य सुरक्षा विभाग ने चावल, आइसक्रीम, शरबत, राजमा, अचार और पनीर सहित 12 संदिग्ध नमूने जब्त कर भोपाल प्रयोगशाला भेज दिए हैं. किचन को सील करने की कार्रवाई भी की जाएगी. स्कूल परिसर में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जहां से अभिभावकों को बच्चों की स्थिति की जानकारी दी जा रही है और किसी भी मेडिकल इमरजेंसी पर तुरंत अपडेट दिया जा रहा है. एसडीएम के अनुसार, अब तक 100 से अधिक बच्चों में उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत सामने आई है, जिनमें से कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया.

# दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया किशोर नहाते समय डूबा

- तिंछा फॉल में हादसा, गोताखोरों ने शव निकाला
- साथियों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. ग्रामीण इलाके में पिकनिक के दौरान नहाते समय एक किशोर की डूबने से मौत हो गई. वह दोस्तों के साथ घर से क्रिकेट खेलने का कहकर निकला था.**

सिमरोल थाना क्षेत्र में एक बार फिर पिकनिक स्पॉट पर हादसा हो गया. पुलिस लाइन मोतीतबेला निवासी फायरकर्मी महेंद्रसिंह राठौर का 16 वर्षीय बेटा अभिराज अपने दोस्तों वेदांत राघव, नवनीत और अन्य साथियों के साथ घर से क्रिकेट खेलने का कहकर निकला था, सभी दोस्त तिंछा फॉल पहुंच गए. यहां नहाने के दौरान अभिराज गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. उसे डूबता देख साथी घबरा गए. दोस्तों ने कपड़ों की रस्सी बनाकर उसे बचाने की कोशिश की और पानी में उतरकर तलाश की, लेकिन गहराई ज्यादा होने से वह हाथ नहीं लगा. घटना के बाद साथियों ने डायल 112 पर सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस गोताखोरों को लेकर पहुंची और काफी देर की मशक्कत के बाद अभिराज को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. मामले में पुलिस जांच कर रही है.

# पेपर बिगड़ने से परेशान एमसीए छात्रा ने फांसी लगाई

इंदौर. परदेशीपुरा क्षेत्र में एमसीए की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह परीक्षा खराब होने के कारण पिछले कुछ दिनों से तनाव में थी.

सुभाष नगर निवासी 22 वर्षीय लेखा ने अपने कमरे में फांसी लगा ली. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. जांच में सामने आया है कि छात्रा एमसीए की पढ़ाई कर रही थी और हाल ही में उसके परीक्षा पेपर ठीक नहीं गए थे. इसी वजह से वह मानसिक रूप से परेशान थी. परदेशीपुरा थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस परिजनों और अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है.

**एक नजर में**

## सिमरोल में किया सामूहिक योगाभ्यास



सिमरोल. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा शहीद टंट्या मामा मंडल, सिमरोल द्वारा शासकीय स्कूल दतोदा के परिसर में एक भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे. प्रात: 8 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों के विशेष मार्गदर्शन में उपस्थितों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, कपालभाति और अनुलोम-विलोम जैसे महत्वपूर्ण आसनों का अभ्यास कराया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रूपेश वाघमोड़े, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुनील तिवारी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री सत्यनारायण परमार, सरपंच प्रहलाद बबरीवाल, मंडल महामंत्री संतोष डाबी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रोहित डाबी, शक्ति केंद्र संयोजक गणपतसिंह पटेल और मोहन गिरवार सहित कई बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे. कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितों ने प्रतिदिन योग करने का सामूहिक संकल्प लिया. उक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी सियाराम कोहली द्वारा प्रदान की गई.

## बेटी ने दी पिता को मुखाग्नि, दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश

महू. बेटियों को लेकर समाज की रूढ़िवादी सोच को बदलने वाली एक अनुकरणीय घटना सामने आई है. स्थानीय राजमोहल्ला निवासी सुनील वर्मा के



आकस्मिक निधन के बाद उनकी छोटी पुत्री विशिका वर्मा ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की सभी परंपराएं पूरी कीं. जानकारी के मुताबिक, सुनील वर्मा का निधन बीते 21 जून को हो गया था. परिवार में कोई पुत्र न होने पर बेटियों ने ही बेटों का फर्ज निभाया. इसके बाद 22 जून को अस्थि संचय किया गया और तृतीय दिवस की रस्म आज 23 जून को उनके निज निवास पर संपन्न की जाएगी. दिवंगत सुनील वर्मा की पत्नी सीमा वर्मा ने इस भावुक क्षण में समाज को एक मजबूत संदेश दिया. उन्होंने कहा, बेटियां सुख-दुख में बराबर की भागीदार हैं. इन्हें पढ़ाओ और जीवन में आगे बढ़ाओ, क्योंकि बेटियां किसी भी मामले में बेटों से कम नहीं हैं. इस रूढ़िवादी परंपरा को तोड़ने और बेटियों के इस साहस की आसपास के नागरिकों और प्रबुद्ध समाज ने जमकर सराहना की है. यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है.

## पहाड़ियों पर थमेगा पानी... लगाए जाएंगे 1 लाख पौधे

महू. जनपद पंचायत द्वारा चलाए जा रहे गंभीर नदी पुनर्जीवन अभियान का प्रथम चरण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है. नदी पर नाला ट्रेंचिंग का काम पूरा होने के



बाद, अब प्रशासन का पूरा फोकस नदी के जलग्रहण क्षेत्र कैचमेंट एरिया को मजबूत बनाने पर है. इसके तहत आगामी दिनों में व्यापक स्तर पर कंटीन्यूअस कंटूर ट्रेंच, लूज बोल्डर चेक डैम और वृक्षारोपण के कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ किए जाएंगे. अभियान के अगले चरण में बेरछा रेंज और हरसोला क्षेत्र की पहाड़ियों को जल संवर्धन के लिए चुना गया है. यहां वैज्ञानिक तरीके से जलग्रहण प्रबंधन के तहत कंटूर ट्रेंच का निर्माण और लूज बोल्डर चेक डैम बनाए जाएंगे. इस तकनीक से बारिश का पानी पहाड़ियों पर तेजी से बहने के बजाय वहीं थमेगा. इससे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भू-जल पुनर्भरण याने ग्राउंड वाटर रिचार्ज होगा और बारिश के पानी के साथ होने वाले मिट्टी के कटाव को भी रोका जा सकेगा. आगामी वर्षा ऋतु में क्षेत्र की हरियाली बढ़ाने के लिए लगभग एक लाख पौधों के रोपण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है. इसके अंतर्गत नवनिर्मित कंटूर ट्रेंचों पर स्थानीय प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे. वहीं गंभीर नदी के दोनों तटों पर बड़े पैमाने पर बांस का पौधारोपण किया जाएगा. क्षेत्र में बिना सक्षम अनुमति के किसी भी नाले, तालाब या अन्य प्राकृतिक जल स्रोत में ट्रेंचिंग, खुदाई अथवा मिट्टी की निकासी पर रोक लगा दी गई है. जनपद पंचायत प्रबंधन ने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, किसानों और आम नागरिकों से इस पर्यावरण संरक्षण के महाअभियान में सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया है.

# नीट का पेपर उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी, लॉ स्टूडेंट गिरफ्तार

इंदौर. नीट परीक्षा का पेपर उपलब्ध कराने का झांसा देकर देशभर के छात्रों से ऑनलाइन ठगी करने वाले एक लॉ स्टूडेंट को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है. आरोपी इंस्टाग्राम पर फर्जी पोस्ट डालकर परीक्षार्थियों को जाल में फंसाता था.

पुलिस के मुताबिक, शक्करखेड़ी लसूड़िया निवासी अक्षय मालवीय इंदौर के लॉ कॉलेज में फर्स्ट ईयर का छात्र है. कोटा पुलिस से मिले इनपुट के बाद इंदौर पुलिस हरकत में आई और क्राइम ब्रांच टीआई नीरज मेढ़ा के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने आरोपी को देर रात घेराबंदी कर पकड़ लिया. जांच में सामने आया कि आरोपी नीट परीक्षा से पहले इंस्टाग्राम पर भ्रामक पोस्ट डालता था और दावा करता था कि उसके पास असली प्रश्न पत्र और गुप्त स्टडी मटेरियल है. परीक्षा के दबाव में आकर देशभर के छात्र उसकी प्रोफाइल पर पहुंचते थे.

आरोपी ने अपनी प्रोफाइल में एक लिंक दे रखा था, जिस पर क्लिक करने के बाद छात्रों से पेपर या सामग्री देखने के नाम पर ऑनलाइन भुगतान कराया जाता था. पैसे मिलते ही आरोपी उन्हें फर्जी सामग्री या पुराना पेपर भेजकर ब्लॉक कर देता था. क्राइम ब्रांच के अनुसार आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है.

# वाहन चुराकर उनके पार्ट्स बेच देता था, शातिर चोर गिरफ्तार

- 2 बाइक और 3 कटे चेसिस किए बरामद
- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ा बदमाश को

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से चोरी की 2 दोपहिया वाहन और 3 कटे हुए चेसिस बरामद किए हैं. आरोपी शहर के कई इलाकों में वारदात कर चुका है.**



परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी और संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस आयुक्त द्वारा सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. पुलिस उपायुक्त जोन 2 के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर टीम गठित कर कार्रवाई की जा रही है. थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि परदेशीपुरा पुलिस को मंगलवार 16 जून को फरियादी नरेन्द्र लकवाल निवासी कुलकर्णी का भट्टा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक एमपी 09 वीडी 0441 तुलसी कॉम्प्लेक्स के सामने से चोरी हो गई. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. एसीपी के निर्देशन में गठित टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले. जांच के आधार पर संदिग्ध की पहचान मुकेश कुल्हार निवासी गणेश नगर के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.

### आरोपी से अन्य वारदातों के खुलासे की उम्मीद

पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह चोरी के वाहनों को भानगढ़ स्थित अपने गैराज में ले जाकर काट देता था और उनके पार्ट्स अलग-अलग बेच देता था. आरोपी वाहन की पहचान छिपाने के लिए नंबर प्लेट भी बदल देता था. पुलिस ने आरोपी से एक बाइक और एक एक्टिवा जब्त की है, जबकि तीन कटे हुए चेसिस भी बरामद किए हैं, जो प्रारंभिक जांच में हीरानगर क्षेत्र से चोरी के पाए हैं. आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ जारी है. मामले में एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है.

# त्योहारों पर पुलिस सख्त: गुंडों पर प्रहार, ड्रोन से रखी जाएगी नजर

- कमिश्नर की मैराथन बैठक, सभी थानों को बाउंड ओवर कार्रवाई के निर्देश

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. शहर में आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है. पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर साफ कर दिया कि हुड़दंगियों और बदमाशों पर सख्ती से कार्रवाई होगी.

आगामी त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है. पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने शहर के सभी जोन के डीसीपी और एडिशनल डीसीपी के साथ मैराथन बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की. बैठक में थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अपने-अपने क्षेत्रों के आदतन अपराधियों के खिलाफ बाउंड ओवर की कार्रवाई करें, ताकि त्योहारों के दौरान कोई विवाद की स्थिति न बने. पुलिस ने इस बार पारंपरिक व्यवस्था के साथ हाईटेक निगरानी का प्लान भी तैयार किया है.

### कमिश्नर ने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए

अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए गए हैं कि हर आयोजन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई की जाए. पुलिस ने साफ किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. पुलिस का कहना है कि त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना प्राथमिकता है और इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं. मामले में एडिशनल पुलिस कमिश्नर मयंक अवस्थी ने बताया कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं. नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी.

## ब्रांडेड के नाम से नकली सिगरेट बेचते पकड़ा

इंदौर. सराफा पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रतिष्ठित कंपनी के नाम से नकली सिगरेट बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर ढाई लाख से अधिक की नकली सिगरेट बरामद की है. आरोपी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है. गोल्ड फ्लैक प्रीमियम कंपनी के मैनेजर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि बजाज खाना चौक के पास कंपनी के नाम से नकली सिगरेट बेची जा रही है. शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक मूल निवासी राजगढ़ हाल मुकाम समाजवादी इंदिरा नगर को गिरफ्तार कर 2 लाख 76 हजार रुपए की नकली सिगरेट बरामद की है. मामले में पुलिस जांच कर रही है.

# लोन दिलाने के नाम पर होटल संचालिका से 1 .43 लाख ठगे

इंदौर. तेजाजी नगर क्षेत्र में एक महिला होटल संचालिका से लोन दिलाने के नाम पर 1 लाख 43 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने खुद को लोन दिलाने का एक्सपर्ट बताकर महिला को झांसे में लिया और रकम ऐंठ ली.

शिवधाम, लिम्बौदी निवासी मीना राठौर को अपने होटल के विस्तार के लिए लोन की जरूरत थी. इसी दौरान उनकी मुलाकात संतोष वर्मा से हुई. उसने खुद को लोन दिलाने में माहिर बताते हुए भरोसा दिलाया कि वह आसानी से उनका लोन मंजूर करवा देगा. आरोपी ने प्रक्रिया के नाम पर पहले फाइल चार्ज और कागजी कार्रवाई का हवाला दिया और महिला से अलग-अलग किश्तों में पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए. भरोसे में आकर मीना ने आरोपी के बताए खाते में कुल 1 लाख 43 हजार रुपए जमा कर दिए. रकम देने के बाद भी जब लोन स्वीकृत नहीं हुआ और आरोपी टालमटोल करने लगा, तब महिला को शक हुआ. जांच करने पर ठगी का पता चला, जिसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.

**एक नजर में** — सिरपुर काकड़ सन्नी गार्डन चौराहा पर अधूरी पुलिया विकास नहीं, बल्कि बदइंतजामी और उदासीनता की कहानी बयां कर रही

# एक साल से जनता को परेशानी, व्यापारियों को नुकसान पहुंचा रही पुलिया



**इंदौर. करोड़ों के विकास के दावे करने वाले शहर में एक पुलिया का निर्माण भी समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है. धार रोड की यह अधूरी पुलिया एक साल से जनता को परेशानी, व्यापारियों को नुकसान और प्रशासन को सवालों के घेरे में खड़ा कर रही है.**

धार रोड स्थित वार्ड क्रमांक-1 में सिरपुर काकड़ सन्नी गार्डन चौराहा पर लाखों रुपये की लागत से बन रही पुलिया विकास कार्यों की सुस्त और लापरवाह कार्यप्रणाली का जीता-जागता उदाहरण बन गई है. छह घनी आबादी वाले क्षेत्रों को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण पुलिया को तोड़कर नई पुलिया का निर्माण शुरू किया गया था, लेकिन महीनों में पूरा होने वाला कार्य अब लगभग एक वर्ष की अवधि छूने के बावजूद अधूरा पड़ा है

पुलिया बंद होने से हजारों रहवासियों का आवागमन प्रभावित है. लोगों को रोजाना दो से तीन किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करने पर मजबूर होना पड़ रहा है. दूसरी ओर इस मार्ग पर निर्भर छोटे व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है. व्यापारियों का कहना है कि कारोबार में 90 प्रतिशत तक गिरावट आ चुकी है.

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जनता की सुविधा के नाम पर निर्माण शुरू किया गया था तो फिर जनता को ही सबसे अधिक परेशानी क्यों झेलनी पड़ रही है? जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार कार्य अवधि का हवाला देकर अपनी जवाबदेही से बचते नजर आ रहे हैं, जबकि अधूरी विकास नहीं, बल्कि बदइंतजामी और उदासीनता की कहानी बयां कर रही है.

### यह बोले रहवासी...



घरों के आगे रोड बन जब आगे जाते हैं तो गड्ढे नजर आते हैं पुलिया पूरी तरह से अधूरी है कार्य गतिहीन है तकरीबन एक वर्ष से आसपास के क्षेत्र वासी परेशान हैं.

**- महेश राठौर**



पुलिया निर्माण से पूरा क्षेत्र कट गया है आने जाने वाली पब्लिक से व्यापार चलता है यहां से वहां तक सारे व्यापारी हाथ पर हाथ रख बैठे हैं खर्चा तक नहीं निकल रहा.

**- संतोष भाटी**



छोटे निर्माण में ही एक साल लगा दिया जो आज भी अधूरी है निर्माण के साथ वैकल्पिक रास्ता भी देना था जबकि उन्हें पता था दोनों तरफ धनी आबादी वाले बड़े क्षेत्र हैं.

**- राशिद कुरैशी**